प्रशासनिक अनुभाग–जनपद न्यायालय–पीलीभीत

आदेश संख्या–333/2024 दिनांकितः नवम्बर 21, 2024

आदेश

जनपद न्यायालय, पीलीभीत में, जनपद मुख्यालय, पीलीभीत तथा तहसील–पीलीभीत सदर, बीसलपुर, पूरनपुर, कलीनगर, एवं अमरिया में **वर्ष–2025 हेतु शपथ–आयुक्त, सर्वे–आयुक्त, सामान्य–आयुक्त, साक्ष्य–आयुक्त एवं लेखा–आयुक्त** के पदों पर जनपद पीलीभीत में विधि–व्यवसायरत अधिवक्तागण में से नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारुप पर आवेदन–पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं, उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र, इच्छुक अधिवक्तागण द्वारा निर्धारित प्रारुप में **अन्तिम तिथि 05–12–2024 को कार्यालय समय तक प्रशासनिक अनुभाग में** प्रस्तुत किया जा सकता है, उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रस्तुत आवेदन–पत्रों पर, किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। **प्रस्तुत आवेदन–पत्रों के साथ संलग्नक के रुप में अधिवक्ता पन्जीकरण प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं स्व–प्रमाणित पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो एवं आवेदन–पत्र का अग्रसारण केवल सम्बन्धित अधिवक्ता–संघ के अध्यक्ष अथवा सचिव द्वारा किया जाना अनिवार्य है।**

21.11.2024

दिनांकितः 21.11.2024

(जितेन्द्र कुमार सिन्हा),
जनपद न्यायाधीश,
पीलीभीत

प्रतिलिपि निम्नलिखित को अनुपालनार्थ प्रेषित–

1. प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग को जनपद न्यायालय में कार्यालय नजारत के बाहर स्थित नोटिस–बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु।
2. प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को जनपद न्यायालय, पीलीभीत की आधिकाारिक बेबसाइट पर अद्यतन कराये जाने हेतु।
3. उप–जिलाधिकारी–सदर पीलीभीत को तहसील स्तर पर अधिवक्ता संघों के मध्य परिचालन हेतु– सहा0 नाजिर।
4. उप–जिलाधिकारी–पूरनपुर को तहसील स्तर पर अधिवक्ता संघों के मध्य परिचालन हेतु– सहा0 नाजिर
5. उप–जिलाधिकारी–बीसलपुर को तहसील स्तर पर अधिवक्ता संघों के मध्य परिचालन हेतु– सहा0 नाजिर
6. उप–जिलाधिकारी–अमरिया को तहसील स्तर पर अधिवक्ता संघों के मध्य परिचालन हेतु– सहा0 नाजिर
7. उप–जिलाधिकारी–कलीनगर को तहसील स्तर पर अधिवक्ता संघों के मध्य परिचालन हेतु– सहा0 नाजिर

समस्त सम्बन्धित सूचित हों।

21.11.2024

दिनांकितः 21.11.2024

जनपद न्यायाधीश,
पीलीभीत

<u>आवेदन पत्र का प्रारुप</u>

आवेदन हेतु चिन्हित पद-
सेवा हेतु चिन्हित जनपद मुख्यालय/तहसील का नाम-

स्व-प्रमाणित
रंगीन फोटो

क्रम संख्या	वांछित सूचना	विवरण
१.	आवेदक का नाम	
२.	पिता का नाम	
३.	निवास स्थल का पूर्ण विवरण	
४.	शैक्षिक योग्यता	
५.	जन्म-तिथि	
६.	अधिवक्ता पन्जीकरण सं० व वर्ष	
७.	विधि व्यवसाय प्रारम्भ किए जाने का दिनांक	
८.	विधि व्यवसाय की श्रेणी- सिविल/फौजदारी/राजस्व	
९.	आरक्षित वर्ग का प्रकार (अनुसूचित जाति/जनजाति अथवा पिछड़ा वर्ग)	
१०.	भाषा ज्ञान	
११.	विगत पांच वर्ष की अवधि में शपथ/सामान्य/सर्वे/साक्ष्य/लेखा आयुक्त रहने का विवरण अथवा अन्य कोई शासकीय सेवा का विवरण	
१२.	विगत वर्ष में भरे गये आयकर का विवरण (यदि करदाता हैं अन्यथा नहीं)	
१३.	वर्तमान में धारित अन्य लाभ के पद का विवरण (शासकीय अधिवक्ता/विधि महाविद्यालय के अन्तर्गत पूर्णकालिक अथवा अंशकालिक प्रवक्ता/नोटरी/विवाह अधिकारी/न्याय-मित्र/न्याय बंधु इत्यादि)	
१४.	चयन होने की स्थिति में वर्तमान में धारित पद से पदत्याग हेतु स्वीकृति	
१५.	अन्य विशिष्ट योग्यता (यदि हो)	
१६.	हस्ताक्षर	
१७.	सम्पर्क-सूत्र (मोबाइल नं०) **(अनिवार्य)**	

21.11.2024
जनपद न्यायाधीश
पीलीभीत

संलग्नकों की सूची-

१. अधिवक्ता पन्जीकरण प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति
२. सी०ओ०पी० प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।